**KENDRIYA VIDYALAYA VRDE AHMEDNAGAR NO. III**

केन्द्रीय विद्यालय वीआरडीई अहमदनगर क्र. 3

**VAHAN NAGAR, AHMEDNAGAR, MAHARASHTRA – 414006**

वाहन नगर, अहमदनगर, महाराष्ट्र - *414006*

Telephone दूरभाष: (0241) 2995823, e-mail ई-मेल: kvvrdenagar3@gmail.com

Website वेबसाइट: https://no3ahmednagar.kvs.ac.in

KV Code: 1196 CBSE School Code: 34081 UDISE No: 27260500406 Aff. No.: 1100048

F.NO. /KVVRDE/2024-25/ DATE: 11/03/2025

## नीलामी सूचना

केंद्रीय विद्यालय संगठन मुंबई संभाग के कार्यालय आदेश संख्या F. 27084/1/2024-25/ मुंबई संभाग / प्रशा / 10379 दिनांक: 15/10/2024 के अनुसार पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3 वी आर डी ई अहमदनगर के फर्नीचर विभाग, कंप्यूटर विभाग, रसायनविज्ञान विभाग, शिक्षण में मददगार सामग्री, कार्यअनुभव विभाग के अनुपयोगी वस्तुओं या सामान की नीलामी **दिनांक: 15.03.2025 को सुबह 11.30 बजे** इस विद्यालय में होने जा रही है। सभी इच्छुक फर्म / व्यक्ति दिनांक: 15.03.2025 **सुबह 11.30** बजे तक 1000/- रुपए की अमानत राशि इस कार्यालय में जमा करके भाग ले सकते है। अनुपयोगी सामान का विवरण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सामग्री की स्थितियों का निरिक्षण **दिनांक 15.03.2025 को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे** के बीच किया जा सकता है। नीलामी हेतु सबसे कम निर्धारित बोली राशि प्राचार्य द्वारा तय की जायेगी। उच्चतम बोली स्वीकार की जायेगी। उच्चतम बोली लगाने वाले को सामग्री "जैसा है जहाँ है" के आधार पर दिया जायेगा। कंप्यूटर विभाग के अनुपयोगी सामान के बोलीदाता **E-Waste** पंजीकृत होने चाहिए। सबसे उच्चतम बोली लगाने वालों को उसी दिन विद्यालय में बोली प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पूरी राशि विद्यालय में जमा करनी होगी तथा असफल निविदा दाताओ की अमानत राशि नीलामी के पश्चात तुरंत ही लौटा दी जाएगी।

**शर्ते :-**

1. बोली लगाने वालों को नीलामी के समय घोषित किये जाने वाले नियमों का पालन करना होगा | रिजर्व प्राईस का खुलासा नीलामी के समय ही होगा।
2. के. वि. सं. कर्मचारी एवं उनके रिश्तेदारों को इस नीलामी में भाग लेने की अनुमति नही है।
3. नीलामी प्रभारी शिक्षक के देखरेख में होगी। यदि समिति के राय में उच्चतम बोली का प्रस्ताव उचित नही है, तब बिना किसी कारण बताए, इनकार करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।
4. नीलाम की गयी वस्तुओं को अपने साथ ले जाकर तुरंत परिसर खाली करना होगा |
5. नीलामी के बाद बेचा गया सामान वापस नही लिया जायेगा |

(बी ए लोंढे )
प्राचार्य

प्रतिलिपि सूचनार्थ :-

1.अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति पीएम श्री के . वि. क्र 3 वी आर डी ई अहमदनगर ।

2.उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई।

3.वित्त अधिकारी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई।

4. प्राचार्य ,समस्त केन्द्रीय विद्यालय, मुंबई संभाग।

5. सभी सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को इस निर्देश के साथ कि वे बट्टे में डाली गई सामग्री को दर्शाए गये तिथि एवं समय पर प्रदर्शित करें तथा वे उपस्थित रहें।

7.विद्यालय वेबसाईट।

8. विद्यालय सूचनाफलक

(बी ए लोंढे )
प्राचार्य

प्राचार्य PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय, व्ही आर.डी.ई
KENDRIYA VIDYALAYA, VRDE
अहमदनगर AHMEDNAGAR